समाचार संक्षेप

बलौदाबाज़ार का नाम बदलकर किया जाएगा गुरुघासीदास धाम जिला

रायपुर, 30 मार्च (एजेंसी)। छत्तीसगढ़ सरकार ने बलौदाबाजार जिले का नाम बदलने का फैसला लिया है। अब यह जिला संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा जी के नाम पर गुरु घासीदास धाम कहलाएगा। इसके साथ ही, इसे राष्ट्रीय तीर्थस्थल भी घोषित किया जाएगा। अपर कलेक्टर को जारी आदेश में अधिकारियों से इस फैसले पर स्पष्ट राय देने को कहा गया है। छत्तीसगढ़ सरकार ने बलौदाबाजार जिले का नाम बदलने का फैसला लिया है। अब यह जिला संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा जी के नाम पर गुरु घासीदास धाम कहलाएगा। इसके साथ ही, इसे राष्ट्रीय तीर्थस्थल भी घोषित किया जाएगा। अपर कलेक्टर को जारी आदेश में अधिकारियों से इस फैसले पर स्पष्ट राय देने को कहा गया है। प्रशासन से जल्द से जल्द आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने जरूरतमंदों महिलाओं को बांटी सौगात-ए-मोदी

रायपुर, 30 मार्च (एजेंसी)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रमजान के पाक महीने में ईद से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल सौगात-ए-मोदी के तहत मुस्लिम समाज की जरूरतमंद महिलाओं को सौगातें भेंट की. मुख्यमंत्री निवास में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री साय ने गरीब महिलाओं को गिफ्ट पैकेट वितरित किए, जिसमें लेडीज सूट का कपड़ा, सेवइयां, खजूर और मिठाइयां शामिल थी. मुख्यमंत्री साय ने सभी को ईद की बधाई देते हुए कहा कि ईद का पर्व प्रेम, सद्भाव और एकजुटता का प्रतीक है. डॉ. सलीम राज ने बताया कि इसके पहले रायपुर में अल्पसंख्यक मोर्चे और छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में 500 महिलाओं को गिफ्ट पैकेट वितरित किए गए. इस अवसर पर अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी, वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज, प्रदेश अध्यक्ष शकील अहमद, एम. इकबाल, संजय श्रीवास्तव, शाहिद खान, रजिया खान, आबिदा खान सहित बड़ी संख्या में समाज के विभिन्न तबकों के लोग उपस्थित थे।

करन साय पैंकरा को सेवानिवृत्त होने पर दी गई विदाई

जशपुर, 30 मार्च (एजेंसी)। करन साय पैंकरा प्रधान पाठक माध्यमिक शाला कन्या पोंगरो विकास खण्ड कांसाबेल जिला जशपुर का दिनांक 31.03.2025 को सेवानिवृत होने पर गोपाल राम, विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी कांसाबेल द्वारा पेंशन अदायगी आदेश प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यालय उनके स्वस्थ दीर्घायु जीवन की कामना करता है।

पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत बनी दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था : मुख्यमंत्री

रायपुर,30 मार्च (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यापक आर्थिक सुधारों के कारण भारत आज दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। जीएसटी और कर सुधारों ने टैक्स व्यवस्था को सरल बनाया है और राजस्व संग्रहण को मजबूत किया है।चार्टर्ड अकाउंटेंट्स भारत की इस विकास यात्रा में प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं और विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को पाने में भी उनकी भागीदारी अहम होगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर में इंस्टिट्यूट ऑफचार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला 'नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन बैंक ऑडिट एंड एआई' को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस अवसर पर उन्होंने सीए छत्तीसगढ़ के विशेष लोगो का भी विमोचन किया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि बौद्धिक वर्ग हमेशा नई तकनीकों को अपनाता है और एआई ऐसी ही एक गेम-चेंजर तकनीक है। उन्होंने माना कि एआई न केवल सीए पेशे को और सशक्त करेगा, बल्कि इस क्षेत्र की गुणवत्ता व गति को भी बढ़ाएगा। उन्होंने एआई से जुड़ी संभावनाओं और चुनौतियों पर भी प्रकाश डाला। मुख्यमंत्री साय ने आईसीएआई की स्थापना को भारतीय अकाउंटिंग क्षेत्र की ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि 1949 में 1600 लोगों के साथ शुरू हुआ यह संस्थान आज चार लाख से अधिक सदस्यों का मजबूत संगठन बन चुका है, जो देशभर में आर्थिक उत्तरदायित्व निभा रहे हैं। नई औद्योगिक नीति से बढ़ा निवेश, प्रदेश को 4 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त मुख्यमंत्री साय ने छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति की चर्चा करते हुए कहा कि यह नीति निवेशकों के लिए आकर्षक है और सभी वर्गों का ध्यान रखती है। अब तक 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिल चुके हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में लिथियम जैसे दुर्लभ खनिज की उपलब्धता और सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री की स्थापना से प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई उड़ान मिलेगी। उन्होंने कहा कि पिछले 15 महीनों में राज्य सरकार ने कई दूरदर्शी फैसले लिए हैं, जिससे प्रदेश में तेज़ी से विकास हो रहा है और रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं। लोक कल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन नागरिकों के आर्थिक सशक्तिकरण में सहायक सिद्ध हो रहा है। छत्तीसगढ़ विज़न डॉक्यूमेंट 2047: विकसित भारत में प्रदेश की महती भूमिका - मुख्यमंत्री साय ने छत्तीसगढ़ विज़न डॉक्यूमेंट 2047 का ज़िक्र करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ विकसित भारत के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाएगा। प्रदेश के 3,000 से अधिक चार्टर्ड अकाउंटेंट्स इसमें भागीदार बनेंगे। आईसीएआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष चरणजोत सिंह नंदा ने संस्था की स्थापना (1949) से लेकर अब तक की विकास यात्रा की जानकारी दी।

उन्होंने चार्टर्ड एकाउंटेंट के कार्य से जुड़ी चुनौतियों और दायित्वों पर भी प्रकाश डाला और कहा कि देश के सभी सीए मिलकर प्रधानमंत्री के विकसित भारत 2047 के सपनों को साकार करने में अपना बहुमूल्य योगदान देंगे।

एक शाम राम खाटूश्याम के नाम का भव्य आयोजन आज

भिलाई 30 मार्च (एजेंसी)। भिलाई में एक शाम राम खाटूश्याम के नाम का भव्य आयोजन इस वर्ष भी भिलाई कैन डु फाउंडेशन द्वारा31मार्च किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सेक्टर 7 स्कूल ग्राउंड में शाम 7 बजे से संपन्न होगा फाउंडेशन के अध्यक्ष अतुल पर्वत ने प्रेस वार्ता मे बताया कि इस बार आयोजन पहले से अधिक भव्य होगा, क्योंकि इसमें कई प्रसिद्ध कलाकार शिरकत कर रहे हैं।इस विशेष आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में भोजपुरी सुपरस्टार, फिल्म गायक, अभिनेता और पूर्व लोकसभा सांसद दिनेश लाल यादव (निरहुआ) शामिल होंगे। इनके साथ सुप्रसिद्ध भजन गायक हेमंत बृजवासी, खाटूश्याम जगत के प्रसिद्ध भजन गायक प्रमोद त्रिपाठी, लोकप्रिय बाबा श्याम भजन गायक बजरंग बावरा, और छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध भजन गायिका आरू साहू भी अपनी प्रस्तुतियां देंगी।यह कार्यक्रम भक्ति, संगीत और श्रद्धा का संगम होगा, जिसमें श्रद्धालु श्रीराम और खाटूश्याम जी के भजनों का आनंद ले सकेंगे। भिलाईवासियों के लिए यह एक अविस्मरणीय संध्या होने वाली है, जहां भक्तिमय संगीत से वातावरण गुंजायमान रहेगा।

आयोजकों अतुल पर्वत ने बताया की यह चौथा वर्ष है प्रवेश नि शुल्क है उन्होंने भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने की अपील की है।

ट्रिपल इंजन की सरकार में महापौर अलका बाघमार का पहला बजट घाटे का

(रायपुर) रायपुर में होगी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारी बैठक

रायपुर, 29 मार्च (आरएनएस)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की राष्ट्रीय कार्यकारी बैठक आगामी 28 मई से 2 जून 2025 रायपुर में आयोजित की जाएगी। जोकि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर में होगा। इस बैठक में देशभर से कुल 653 प्रतिनिधि भाग लेंगे, जिसमें सभी प्रांतों के अध्यक्ष, मंत्री, संगठन मंत्री, कोश प्रमुख , राष्ट्रीय स्तर के सभी आयाम गतिविधि के संयोजक एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य शामिल होंगे।

इस महत्वपूर्ण बैठक की व्यवस्थाओं को लेकर रायपुर महानगर की विशेष बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें प्रमुख रूप से एबीवीपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. आशुतोष मंडावी, क्षेत्रीय संगठन मंत्री चेतस सुखड़िया एवं खेलो भारत प्रमुख श्री प्रदीप सिखावत उपस्थित रहे।

बैठक में निर्णय लिया गया कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक का आयोजन इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर में होगा एवं प्रतिभागियों के ठहरने की व्यवस्था अग्रसेन धाम, सालासर बालाजी मंदिर एवं पंजाब केसरी भवन में सुनिश्चित की गई है। इसके अतिरिक्त, 200 कार्यकर्ता व्यवस्थाओं में सहयोग करेंगे। रायपुर महानगर अध्यक्ष डॉ. अनुज शुक्ला को बैठक व्यवस्था प्रमुख की जिम्मेदारी दी गई एवं महानगर मंत्री प्रथम राव फूटने को व्यवस्था सह-प्रमुख की जिम्मेदारी दी गई है। 7 अप्रैल 2025 को राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक के लिए अस्थायी कार्यालय का उद्घाटन करने का निर्णय लिया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री आशीष चौहान उपस्थित रहेंगे। इसके

कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक सम्पन्न

◆की गई विभिन्न विभागों के लक्ष्यों की समीक्षा

दुर्ग 30 मार्च (एजेंसी) कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार 28 मार्च को जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति ;डीएलसीसीद्ध एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति ;डीएलआरसीद्ध की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कृषि सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्योगए शिक्षा आवास सामाजिक अवसंरचना नवीकरणीय ऊर्जा जैसे प्रमुख क्षेत्रों में लक्ष्य प्राप्ति पर भी विचार हुआ। बैठक में विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गईए जैसे कि बैंकों का साख जमा अनुपात बीमा योजनाओं के तहत लाभार्थियों को राशि का वितरणए और ग्रामीण क्षेत्रों में ऋण आवेदनों की स्थिति। कलेक्टर ने बैंकों को विभिन्न क्षेत्रों में लक्ष्यों को पूरा करने के लिए कड़े निर्देश दिए और खासतौर पर लंबित ऋण प्रकरणों के शीघ्र समाधान पर जोर दिया। इसके अलावा मछली पालन और अन्य विभागों में लंबित आवेदन मामलों को प्राथमिकता देने की बात की गई।

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजनाओं के तहत दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र में 96 बीमा केस बैंकों द्वारा बीमा कंपनियों को प्रेषित किए गएए जिनमें से 67 के क्लेम को मंजूरी दी गई और 2 लाख रुपये की राशि नॉमिनी के खाते में हस्तांतरित की गई। कलेक्टर ने इन योजनाओं के तहत दस नॉमिनी को बीमा राशि का प्रतीकात्मक चेक सौंपा।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ;छत्स्ड्ढ के तहत लंबित ऋण आवेदनों पर चर्चा की गई। जिला पंचायत डीपीएम श्री सागर पंसारी ने जानकारी दी कि बैंकों में लंबित समूह ऋण प्रकरणों को शीघ्र वितरण करने के निर्देश दिए गए। रिजर्व बैंक और कलेक्टर ने सभी बैंकों को लक्ष्य पूरा करने की दिशा में तत्परता से काम करने की सलाह दी।

इसके अलावा जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक श्री साइमन इक्का ने बताया कि जिले को 130 का लक्ष्य मिला थाए जिसमें से 97 प्रकरणों को बैंकों द्वारा स्वीकृत किया गया हैए जबकि 51 प्रकरण लंबित हैं। मछली पालन विभाग और अन्य विभागों ने भी लंबित आवेदन मामलों के बारे में जानकारी दीए कलेक्टर ने इन लंबित प्रकरणों को शीघ्र निपटाने के लिए संबंधित बैंकों को निर्देशित किया। अग्रणी बैंक प्रबंधक श्री पीण्वीणआरण्एसण् प्रकाश राव ने भी सभी बैंकों को लक्ष्यों को जल्द पूरा करने और सही प्रकरणों को स्वीकृत करने की सलाह दी।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री बजरंग दुबेए भारतीय रिजर्व बैंक रायपुर प्रबंधक श्री नवीन तिवारी सहित सभी बैंकों के अधिकारी एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक सम्पन्न

रायपुर, 30 मार्च (एजेंसी)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की राष्ट्रीय कार्यकारी बैठक आगामी 28 मई से 2 जून 2025 रायपुर में आयोजित की जाएगी। जोकि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर में होगा। इस बैठक में देशभर से कुल 653 प्रतिनिधि भाग लेंगे, जिसमें सभी प्रांतों के अध्यक्ष, मंत्री, संगठन मंत्री, कोश प्रमुख , राष्ट्रीय स्तर के सभी आयाम गतिविधि के संयोजक एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य शामिल होंगे।

इस महत्वपूर्ण बैठक की व्यवस्थाओं को लेकर रायपुर महानगर की विशेष बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें प्रमुख रूप से एबीवीपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. आशुतोष मंडावी, क्षेत्रीय संगठन मंत्री चेतस सुखड़िया एवं खेलो भारत प्रमुख श्री प्रदीप सिखावत उपस्थित रहे।

बैठक में निर्णय लिया गया कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक का आयोजन इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर में होगा एवं प्रतिभागियों के ठहरने की व्यवस्था अग्रसेन धाम, सालासर बालाजी मंदिर एवं पंजाब केसरी भवन में सुनिश्चित की गई है। इसके अतिरिक्त, 200 कार्यकर्ता व्यवस्थाओं में सहयोग करेंगे। रायपुर महानगर अध्यक्ष डॉ. अनुज शुक्ला को बैठक व्यवस्था प्रमुख की जिम्मेदारी दी गई एवं महानगर मंत्री प्रथम राव फूटने को व्यवस्था सह-प्रमुख की जिम्मेदारी दी गई है। 7 अप्रैल 2025 को राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक के लिए अस्थायी कार्यालय का उद्घाटन करने का निर्णय लिया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री आशीष चौहान उपस्थित रहेंगे। इसके अतिरिक्त, 28 मई 2025 को राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक के उपलक्ष्य में नागरिक अभिनंदन समारोह का आयोजन किया जाएगा।

कांसाबेल में बिहान मार्ट का शुभारंभ

जशपुरनगर, 30 मार्च (एजेंसी)। कलेक्टर रोहित व्यास के दिशा-निर्देश एवं जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार मार्गदर्शन में विगत दिवस 27 मार्च को कांसाबेल विकासखण्ड में छ.ग.राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान द्वारा संचालित तुर्केश्वर महादेव फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा बिहान मार्ट का शुभारंभ किया गया।

बिहान मार्ट का उद्देश्य जिले अंतर्गत समूह के द्वारा बनाये गए उत्पाद को इस मार्ट के माध्यम से लोगो तक देशी जशपुरिहा उत्पाद को पहुंचना और समूह को अपना उत्पाद बेचने के लिए एक प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराना है। इस दौरान जनपद पंचायत सीईओ मिथलेश कुमार पैंकरा एवं एनआरएलएम के परियोजना प्रबंधक कमलेश कुमार श्रीवास और बिहान समूह के सदस्य उपस्थित थे

रायपुर-अभनपुर के मध्य दौड़ेगी मेमू ट्रेन

रायपुर, 30 मार्च (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 मार्च को छत्तीसगढ़ को रेल, सड़क, आवास, शिक्षा, उर्जा और ईंधन समेत कई सौगात देंगे। इस मौके पर पीएम मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अभनपुर से रायपुर रेल सेवा की शुरुआत भी करेंगे। गाड़ी संख्या 08835 अभनपुर -रायपुर इनॉग्रल मेमू पैसेंजर स्पेशल आठ कोच के साथ अभनपुर से 15:30 बजे रवाना होकर 15.38 बजे केंद्री, 15.52 बजे सीबीडी, 16.10 बजे मंदिर हसौद और 16.55 पर रायपुर पहुंचेगी। रेलवे की रेल लिस्ट के मुताबिक, मात्र 10 रुपए में अभनपुर से रायपुर तक की सफर कर सकते हैं. रेल यात्रियों को 31 मार्च 2025 से रायपुर से अभनपुर के बीच सुबह और शाम को दो मेमो स्पेशल ट्रेन की सुविधा दो फेरे में मिलेगी। एक घंटे के सफर में यात्री रायपुर से अभनपुर पहुंच सकेंगे। सुबह के दो फेरे में गाड़ी संख्या 68760 रायपुर से अभनपुर मेमू पैसेंजर रायपुर से 9:00 बजे रवाना होकर 9:18 बजे मंदिर हसोद, 9:32 बजे सीबीडी 9:50 बजे केंद्रीय और 10:10 बजे अभनपुर पहुंचेगी। यह गाड़ी वापसी में गाड़ी संख्या 68761 अभनपुर रायपुर पैसेंजर अभनपुर से 10:20 बजे रवाना होकर केंद्री 10.28 बजे, सीबीडी 10.42 बजे, मंदिर हसौद 11:00 बजे और रायपुर 11:45 बजे पहुंचेगी।

शाम के दो फेरे में गाड़ी संख्या 68762 रायपुर-अभनपुर मेमू पैसेंजर रायपुर से 16:20 बजे रवाना होकर 16.38 बजे मंदिर हसौद, 16.52 बजे सीबीडी, 17: 10 बजे केंद्री, 17.30 बजे अभनपुर पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 68763 अभनपुर रायपुर मेमू पैसेंजर अभनपुर से 18:10 बजे रवाना होकर 18:18 केंद्री, 18.32 बजे सीबीडी, 18.45 बजे मंदिर हसौद, 19.20 बजे रायपुर पहुंचेगी।

माताओं एवं बच्चों का स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता- कलेक्टर

धमतरी 30 मार्च (एजेंसी)। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक हुई। इस अवसर पर कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि जिले की माताओं एवं बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करना हमारी प्राथमिकता है। इसके लिए उन्होंने स्वास्थ्य केन्द्रों में पदस्थ विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं सोनोग्राफी मशीन की उपलब्धता के बारे में भी जानकारी ली। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि गर्भवती महिला के स्वास्थ्य जांच समय पर की जाये। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों से कहा कि बीते दिनों जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण किया गया, जिसमें कुछ केन्द्रों में भर्ती कुपोषित बच्चों की संख्या कम होना पाया गया है। अधिकारी इस बात का ध्यान रखें कि पोषण पुनर्वास केन्द्र में कोई भी बिस्तर खाली न रहे। एक बच्चें के स्वस्थ्य होते ही दूसरे बच्चे को भर्ती कराकर उसे आवश्यक पोषण प्रदान कर सुपोषित किया जाये। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे ऐसे बच्चों की पहचान कर उन्हें, एनआरसी तक लेकर आये। इसके लिए आवश्यक हो तो कुपोषित बच्चे के माता-पिता को समझाईश भी दी जाए। बैठक में कलेक्टर ने जिले में बीते वर्ष हुए प्रसवों में मृत महिलाओं और उनके कारणों की भी जानकारी ली।

उन्होंने अधिकारियों से किये गये सी-सेक्शन आपरेशन एवं उनकी मृत्यु के कारणों के बारे में भी पूछा और जिन क्षेत्र में ज्यादा हुई है, उसकी जानकारी प्रस्तुत करने कहा। कलेक्टर ने जिले के ऐसे स्वास्थ्य केन्द्र जहां विशेषज्ञ चिकित्सक नहीं है, वहां निजी चिकित्सकों को हायर करने कहा। उन्होंने यह भी कहा कि गर्भवती महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक है कि प्रसव अस्पताल में हो, इसके लिए महिला एवं बाल विकास विभाग से समन्वय कर शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव कराने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने जिला अस्पताल में मरीजों को दी जाने वाली सुविधाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि आपातकालीन प्रसव केस के लिए जिला अस्पताल में रोस्टरवार डाक्टरों की ड्यूटी लगाये।

आग से 20 लाख की क्षति, बुझाने के प्रयास में ग्रामीण झुलसा

बलरामपुर 30 मार्च (एजंसी)।बलरामपुर रामानुजगंज ग्राम कनकपुर में घर के बाहर काट रखे गए सरसों के ढेर में आग लग जाने के बाद आग घर तक पहुंच गया।जिससे घर में रखा सभी सामान व घर धु धु करके जल गया सूचना पर मौके पर रामानुजगंज से फायर ब्रिगेड पहुंची परंतु आग बुझाने में घंटा लग गए वहीं ग्रामीण के द्वारा साहस का परिचय देते हुए आग बुझाने का प्रयास किया गया वह बुरी तरीका से झुलस गया जिसे 100 बिस्तर अस्पताल रामानुजगंज लाया गए जहां उसका इलाज चल रहा है। आग लगने से करीब 20 लाख रुपए की क्षति बताई जा रही है। सूचना पर मौके पर जिला पंचायत के सभापति बद्री यादव पहुंचे जिन्होंने आग लगने से घायल ग्रामीण की आर्थिक मदद की एवं डॉक्टर से चर्चा कर बेहतर इलाज के निर्देश दिए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कानपुर के प्रतिष्ठित किसान ओमप्रकाश तिवारी के पैतृक निवास के बाहर सरसों काटने के के बाद रखा गया था। जिसमें किसी प्रकार से आग पकड़ लिया था। आज को बुझाने के लिए स्थानीय लोगों के द्वारा भरपूर प्रयास किया गया वहीं स्थानीय ग्रामीण लालू यादव उम्र 55 वर्ष के द्वारा साहस का परिचय देते हुए आग बुझाने में लग गए परंतु आग में काबू नहीं पाया जा सका आग की लपटे घर तक पहुंच गई एवं घर धु धु करके जलने लगा। इसके बाद फायर ब्रिगेड रामानुजगंज से बुलाया गया घंटो फायर ब्रिगेड के द्वारा आग बुझाने के लिए मशक्कत की जाती रही परंतु आज पर काबू पर पाने में घंटा लग गए। सूचना पर मौके पर जिला पंचायत के सभापति बद्री यादव,वरिष्ठ भाजपा नेता दयाल विश्वास, विक्रम गुप्ता सहित अन्य लोग पहुचे। जिला पंचायत के सभापति बद्री यादव के द्वारा आग में झूलसे ग्रामीणों की आर्थिक मदद की एवं डॉक्टर से बेहतर इलाज के लिए दिशा निर्देश दिए।

आठ अप्रैल से 15 दिन चलेगा पोषण पखवाड़ा

धमतरी, 30 मार्च (एजेंसी)। धमतरी जिले में 8 अप्रैल से लगातार 15 दिनों तक पोषण पखवाड़ों का आयोजन किया जाएगा। 28 अप्रैल तक चलने वाले इस पखवाड़े के दौरान जिले में कुपोषण के विरूद्ध प्रभावी रणनीति तय करने के साथ हितग्राहियों के पंजीयन, कुपोषण के स्तर की जांच आदि गतिविधियां भी होंगी। पखवाड़े के दौरान जीवन के पहले एक हजार दिनों के लिए पोषण सुरक्षा की जानकारी भी पालकों को दी जाएगी। गर्भवती महिलाओं का वजन और ऊंचाई मापकर उन्हें गर्भावस्था के दौरान रखी जाने वाली सावधानियों और पोषण आहार आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। जन्म ले चुके बच्चों का वजन मापकर उनमें पोषण स्तर की जांच की जाएगी और कम वजन होने की स्थिति में रखी जाने वाली सावधानियों और दिए जाने वाले सभी पोषण आहारों के बारे में बताया जाएगा। इस पोषण पखवाड़े के दौरान दो वर्ष तक के बच्चां के घर-घर जाकर महिला एवं बाल विकास विभाग का अमला गृह भेंट करेगा और पोषण संबंधी जानकारियां देगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी जगरानी एक्का ने बताया कि पोषण पखवाड़े के दौरान कुपोषण प्रबंधन के लिए एपेटाईट टेस्ट किए जाएंगे।

जिले के नवनिर्वाचित पंचायत एवं निगम/निकाय प्रतिनिधियों का होगा सम्मान

दुर्ग 30 मार्च (एजेसी)। छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन की आवश्यक बैठक आशीष नगर रिसाली भिलाई में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मेघनाथ यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आगामी 28 अप्रैल को कला मंदिर सिविक सेंटर भिलाई में जिला स्तरीय सामाजिक समरसता एवं सम्मान समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया,जहां जिले के नवनिर्वाचित पंचायत एवं निगम/निकाय प्रतिनिधियों को सम्मानित किया जाएगा।इस क्रम में भिलाई एवम रिसाली निगम के पूर्व में निर्वाचित प्रतिनिधियों को भी सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है। सम्मान समारोह की तैयारी हेतु बैठक में बहुत ही महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर अनेक निर्णय लिए गए और पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई। बैठक में संगठन का विस्तार करते हुए विशेषकर महिलाओं की सहभागिता हेतु सर्वसम्मति से सुमन देवांगन को संगठन के महिला प्रकोष्ठ में प्रदेश संयोजिका की जिम्मेदारी दी गई,इस बावत उन्हें नियुक्ति पत्र देकर उनका सम्मान किया गया। बैठक में उपाध्यक्ष गण संत कुमार केशकर, घनश्याम कुमार देवांगन, अनुरूप साहू, भोजराम डडसेना, महासचिव लखन लाल साहू, प्रदेश संयोजक ब्रह्म देव पटेल, प्रदेश मीडिया प्रभारी डॉ डी पी देशमुख, सलाहकार रमेश साहू, भिलाई जिला अध्यक्ष चंदूलाल मरकाम, नवनियुक्त प्रदेश महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका सुमन देवांगन, भिलाई जिला महिला अध्यक्ष रामदुलारी ताम्रकार, पुष्पा यादव,मधु गजपाल, उपाध्यक्ष शिव प्रसाद चंद्रवंशी, संगठन सह सचिव भागवत सोनी, दुर्ग संभाग अध्यक्ष भानु प्रताप यादव, सत्यनारायण बंछोर सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।